दिन– गुरूवार | दिनांक– 16 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया में आई तेजी। पहले चरण के लिए कल तक भरे जा सकेंगे पर्चे।

02 जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समस्तीपुर के सरायरंजन से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। कहा – दो हजार पांच के बाद बिहार में हुआ है अभूतपूर्व बदलाव।

03. एनडीए के घटक दलों ने विधानसभा की सभी दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। विवादों के चलते महागठबंधन में अभी भी नहीं हो सका है सीटों का बंटवारा।

04. और, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। कल सारण के तरैया में जनसभा को करेंगे संबोधित। पटना में बुद्धिजीवी सम्मेलन में भी होंगे शामिल।

---

विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि कल तक निर्धारित है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज एनडीए और महागठबंधन के कई प्रमुख प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए।

–––रिपोर्ट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज तारापुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। श्री चौधरी ने उम्मीद जताई की विकास के मॉडल पर बिहार के लोग एक बार फिर भरोसा करेंगे।

–––कट–––

दानापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने नामांकन पत्र भरा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ मौजूद थे। दानापुर से ही जेल में बंद रीतलाल यादव ने राजद के टिकट पर अपना पर्चा दाखिल किया। इधर, बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नितिन नबीन ने और सहरसा से आलोक रंजन ने पर्चा दाखिल किया। जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सरायरंजन सीट और मदन सहनी ने बहादुरपुर से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इन दोनों नेताओं के नामांकन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद जदयू नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरायरंजन की जनता एक बार फिर उन पर विश्वास जतायेगी।

–––कट–––

जदयू उम्मीदवार श्रवण कुमार ने नालंदा विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने सीवान सदर से अपना पर्चा भरा। उन्होंने एक बार अपनी जीत का दावा किया।

–––कट–––

इधर, कल्याणपुर से जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री महेश्वर हजारी ने अपना पर्चा दाखिल किया। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद थे। बेगूसराय से कांग्रेस की अमिता भूषण ने अपना नामांकन पत्र भरा। उन्होंने कहा कि उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा है और वे बेगूसराय के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

–––कट–––

राजद से नामांकन पत्र भरने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में समस्तीपुर से अब्दुल इस्लाम शाहीन, रूपौली से बीमा भारती, धमदाहा से संतोष कुशवाहा और रघुनाथपुर से मोहम्मद शाहबुद्दीन के पुत्र ओसामा साहेब शामिल हैं। वहीं, भाकपा माले से रामबली सिंह यादव ने घोसी सीट से, सीपीआई के रामरतन सिंह ने तेघड़ा से और सीपीआई के ही सूर्यकांत पासवान ने बखरी विधानसभा क्षेत्र से पर्चा दाखिल किया। लालू प्रसाद के बड़े पुत्र और नवगठित जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने महुआ विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र भरा। समाचार कक्ष से मैं अभिषेक दास।

---

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सरायरंजन से जदयू के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। उन्होंने दरभंगा के बहादुरपुर में भी एक जनसभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उन्होंने अपने शासनकाल में बिहार के विकास के लिए हर संभव काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो हजार पांच के बाद से बिहार में काफी कुछ बदल गया है।

---बाइट---

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने महागठबंधन पर फर्जी मतदान के जरिए राज्य के दलितों, गरीबों और आम नागरिकों के अधिकारों पर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव के नामांकन में शामिल होने के बाद योगी आदित्य नाथ दानापुर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

---बाइट---

योगी आदित्य नाथ ने लोगों को राजद के शासकाल की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय बिहार में पूरी तरह अराजकता का माहौल था।

---बाइट---

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बिहार में एनडीए के पक्ष में लहर है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि बांकीपुर से भाजपा उम्मीदवार नितिन नबीन समेत सभी एनडीए उम्मीदवारों को भारी जीत मिलेगी।

---बाइट---

---

एनडीए के सभी घटक दलों भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सभी दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए

उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने आज अपने सभी उनतीस उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने सिमरी बख्तियापुर से संजय कुमार सिंह, नाथनगर से मिथुन कुमार, बलरामपुर से संगीता देवी, पालीगंज से सुनील कुमार और मढ़ौरा से सीमा सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि जदयू ने आज चौवालीस उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इसमें पार्टी ने कई उम्मीदवारों को फिर से टिकट दिया है। एक रिपोर्ट –

–––रिपोर्ट–––

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए दूसरी सूची जारी करने के साथ ही जनता दल यूनाइटेड ने भी अपने कोटे की सभी 101 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है दूसरी सूची में 19 वर्तमान विधायकों को फिर से मौका दिया गया है जबकि चार मंत्रियों सुमित कुमार सिंह, शीला मंडल, लेशी सिंह और जयंत राज पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

इस बीच, उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सभी छह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से––

–––रिपोर्ट––

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सासाराम से श्रीमती स्नेह लता को अपना उम्मीदवार बनाया है। वे पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी हैं। वहीं, पार्टी ने दिनारा से आलोक कुमार सिंह, उजियारपुर से प्रशांत पंकज और मधुबनी से माधव आनंद, पारू से मदन चौधरी और बाजपट्टी से पूर्व विधान पार्षद रामेश्वर कुमार महतो को टिकट दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से रजनीकांत चौधरी।

भाजपा ने कल देर रात अठारह उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान को हरसिद्धि और लोक गायक विनय बिहारी को लौरिया से पार्टी ने एक बार फिर मौका दिया है। राजद छोड़ कर भाजपा में शामिल मोहनिया की विधायक संगीता कुमारी और भभुआ के विधायक भरत बिंद को उनके मौजूदा निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिए गए हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच गए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि श्री शाह पार्टी की चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे। साथ ही वे उम्मीदवारों के नामांकन कार्यक्रमों में शामिल होंगे और जनसभाओं को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री का कल सारण जिले के तरैया में एक जनसभा को संबाधित करने का कार्यक्रम है। कल ही पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। श्री

जायसवाल ने बताया कि श्री शाह का एनडीए के सभी घटक दलों के साथ समन्वय बैठक करने का भी कार्यक्रम है।

---

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट समझौते को लेकर खींचतान की स्थिति बनी हुई है। विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी की आज पटना में होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी गयी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुकेश सहनी कोई बड़ी घोषणा करने वाले थे। पहले यह प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर बारह बजे होने वाली थी। बाद में इसके समय में दो बार परिवर्तन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द होने की सूचना देते हुए पार्टी प्रवक्ता डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि महागठबंधन के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं और जो भी निर्णय होगा, उसकी जानकारी दे दी जाएगी। इधर, गतिरोध समाप्त करने को लेकर कांग्रेस की एक महत्त्वपूर्ण बैठक दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी समेत बिहार कांग्रेस के भी कई नेता मौजूद रहे।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कांग्रेस और राजद पर वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के अपमान का आरोप लगाया है। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि महागठबंधन में मुकेश सहनी को कोई सम्मान नहीं मिल रहा है।

–––बाइट–––

---

राजद के वरिष्ठ नेता और किशनगंज के पूर्व सांसद सरफराज आलम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी अध्यक्ष को लिखे पत्र में उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान सीटों के बंटवारे में अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया।

---

बिहार विधानसभा चुनाव में तीन राजनीतिक दलों ने मिलकर तीसरे मोर्चे का गठन किया है। इस मोर्चे में असद्दुदीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम, चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी और स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व वाली अपनी जनता पार्टी शामिल हैं। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने बताया कि इस मोर्चे को ग्रैंड डेमोक्रेटिक एलायंस का नाम दिया गया है। चुनाव में यह

मोर्चा चौंसठ सीटों पर अपने उम्मीदवार देगा। इसमें एआईएमआईएम के पैंतीस, आजाद समाज पार्टी के पच्चीस और अपनी जनता पार्टी के चार उम्मीदवार होंगे। इस बीच, पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने भी इसी मोर्चे के साथ चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी समान विचारधारा के दलों के साथ गठबंधन कर अपने प्रत्याशी देगी।

---

राज्य मे आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक हजार नौ सौ पांच लाख रुपये मूल्य की शराब जब्त की गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया में आई तेजी। पहले चरण के लिए कल तक भरे जा सकेंगे पर्चे।

02 जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समस्तीपुर के सरायरंजन से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। कहा – दो हजार पांच के बाद बिहार में हुआ है अभूतपूर्व बदलाव।

03. एनडीए के घटक दलों ने विधानसभा की सभी दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। विवादों के चलते महागठबंधन में अभी भी नहीं हो सका है सीटों का बंटवारा।

04. और, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। कल सारण के तरैया में जनसभा को करेंगे संबोधित। पटना में बुद्धिजीवी सम्मेलन में भी होंगे शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।